Navbharat Times

तेलंगाना: बारिश के कारण गईं 35 हजार नौकरियां

अमृता दिदयाला, हैदराबाद

तेलंगाना में पिछले कई दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सारे कामकाज ठप पड़ गए हैं। इस कारण 35,000 से ज्यादा लोगों को अपनी नौकरियों से हाथ धोना पड़ा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव ओडिशा, बिहार और पश्चिम बंगाल से आने वाले मजदूरों पर पड़ा है।

ऐसे ही झारखंड से आने वाले अजीत यादव ने बताया कि जब वह कमर तक पानी में किसी तरह तीन दिन बाद अपनी फूड प्रोसेसिंग फैक्ट्री में पहुंचे तो वह पानी से बर्बाद हो चुकी थी। फैक्ट्री मालिक ने यादव से नौकरी भी छीन ली क्योंकि फैक्ट्री को दोबारा शुरू होने में कई महीने लग जाएंगे। यादव ने कहा, 'बाढ़ के कारण फ्रैक्ट्री बंद होने के बाद मेरे परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।' सूत्रों के मुताबिक, बारिश से कुतबुल्लापुर, डुलापल्ली, जीडीमेतला, चेरापल्ली, कुकटपल्ली और बालानगर में ऐसी लगभग 10,000 छोटी-बड़ी यूनिट हैं जो बाढ़ और बारिश के कारण पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं। इसके कारण दिहाड़ी मजदूर सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं।

ओडिशा के खुर्दा से आए रघु ने कहा, 'जब मैं अपनी बिजली के बल्ब बनाने वाली फैक्ट्री में पहुंचा तो पाया कि जब तक पानी कम नहीं होता, तब तक वहां काम नहीं किया जा सकता। अब हमारे पास कोई बचत नहीं है इसलिए खाने की समस्या पैदा हो जाएगी। हमें बताया गया है कि फैक्ट्री दो महीने तक नहीं खुलेगी, तब तक हम कैसे जिएंगे?' फेडरेशन ऑफ तेलंगाना एंड एपी चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष रविंद्र मोदी ने कहा, 'बारिश से 1000 करोड़ से भी ज्यादा का नुकसान हुआ है। सामान, मजदूरी, मशीनरी और उत्पादन के स्तर पर सभी उद्योगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।'